**Title: Need to review the functioning of Bharat Coking Coal Limited, Jharkhand.**

**श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय (गिरिडीह) :** उपाध्यक्ष महोदय, भारत कोकिंग कोल लिमिटेड के क्षेत्र संख्या 3,4 एवं 5 के कोयला खदानों में लगी आग, कर्मचारियों के आवासों की जर्जर स्थिति, पेयजल सकट, बिक्री एवं सिविल डिपार्टमेंट में सुचारू रूप से काम न होना आदि समस्याओं से प्रबंधन मौन है। इस संबंध में कर्मचारियों एवं आम नागरिकों द्वारा कई बार प्रबंधन का ध्यान आकृट कराया गया, परन्तु कार्रवाई शून्य है।

कोयला खदानों में लाखों टन कोयला जलकर बर्बाद हो रहा है एवं कम्पनी को राजस्व में हानि हो रही है। आवास मेन्टेनेंस, पीने का पानी एवं अन्य कार्यों के लिए कागज पर काम हो जाते हैं, परन्तु इसका लाभ लाभार्थियों को नहीं मिल पाता है। सैकड़ों विस्थापितों को नौकरी और मुआवजा नहीं मिला है।

अतः सरकार से आग्रह है कि उपर्युक्त समस्याओं का निपादन शीघ्रातिशीघ्र किया जाए और इस संबंध में उच्चस्तरीय जांच सुनिश्चित कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।